सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-442
18/09/2017

# मुख्यमंत्री के लोक संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पटना, 18 सितम्बर 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित लोक सवांद में मुख्यमंत्री के लोक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, श्रम संसाधन, ग्रामीण विकास (जीविका), कृषि, पशु एवं मत्स्य संसाधन, कला, संस्कृति, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, योजना एवं विकास तथा पर्यावरण एवं वन विभाग से संबंधित मामलों पर 06 लोगों द्वारा मुख्यमंत्री को अपना सुझाव दिया गया।

आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम में पटना के श्री मुकेश कुमार हिसारिया, पटना के श्री शेख अरसद इमाम, गर्दनीबाग पटना की श्रीमती लारिशा लाल, दरभंगा के श्री सुनील कुमार, मुजफ्फरपुर के श्री अनिकेत कुमार राज एवं बक्सर के श्री अरूण कुमार ओझा ने अपने–अपने सुझाव एवं राय मुख्यमंत्री को दिये। प्राप्त सुझाव एवं राय पर संबंधित विभाग के प्रधान सचिव/सचिव ने वस्तु स्थिति को स्पष्ट किया। लोगों से प्राप्त सुझाव एवं राय पर मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के प्रधान सचिव/सचिव को कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया।

आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, योजना एवं विकास मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री मदन सहनी, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, प्रधान सचिव मंत्रिमण्डल समन्वय श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित संबंधित विभागों के प्रधान सचिव/सचिव उपस्थित थे।

आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम के पश्चात् मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा वंशवाद से संबंधित पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं शुरू से वंशवाद के खिलाफ रहा हूँ। वंशवाद कॉग्रेस द्वारा शुरू की गयी। इसके बाद विभिन्न पार्टियों में इसका प्रवेश हुआ। कोई खास परिवार से संबंध रखने का मतलब यह नहीं कि उनमें नेतृत्व की क्षमता होगी। बिना परिवार वाले भी ऊँची जगहों पर पहुँचे हैं। उनका परफॉर्मेंस काफी अच्छा रहा है। वंशवाद हमारी संस्कृति में नहीं है। पेट्रोल–डीजल की बढ़ रही कीमतों के संदर्भ में पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पेट्रोल एवं डीजल के मूल्यों में उतार–चढ़ाव चलता रहेगा। जहॉ तक पेट्रोल–डीजल को जी0एस0टी0 के दायरे में लाने का प्रश्न है तो इस पर विचार करना होगा। जी0एस0टी0 काउंसिल में भी इस पर विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल–डीजल के मूल्यों पर हमेशा ध्यान रखना चाहिये। उन्होंने कहा कि टैक्स से जो आमदनी होती है, उसी के सहारे विकास की योजनाओं को लागू किया जाता है। लंबे समय तक यह प्रश्न चलने वाला नहीं है। धान के बदले चावल योजनान्तर्गत राइस मिल द्वारा चावल नहीं दिये जाने तथा उन पर की जा रही कार्रवाई के संदर्भ में पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि

सरकार इस प्रश्न पर दृढ़ है। राज्य का जो बकाया है, उसे वसूला जायेगा। सरकार ने राइस मिलरों पर भरोसा किया था, राज्य का नुकसान हुआ है। सभी पर मुकदमा हुआ है, जॉच चल रही है। अब तक साढ़े तीन सौ करोड़ की वसूली की जा चुकी है। जिन्होंने गलती किया है, उन पर कार्रवाई होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि हमने प्रोक्योरमेंट को बढ़ावा दिया ताकि किसानों को बाजिव मूल्य मिल सके। किसानों को बोनस भी दिया। अगर कोई घालमेल किया है तो उसको कैसे टॉलरेंट किया जायेगा। राज्य के नुकसान की भरपाई होनी चाहिये, नहीं तो कानून के हिसाब से कार्रवाई होगी।

डीजल इंजन रेलवे फैक्ट्री के संदर्भ में पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से इस संदर्भ में केन्द्रीय रेल मंत्री से बात करूँगा। रेलवे का धीरे–धीरे इलेक्ट्रिफिकेशन हो रहा हैं। रेलवे का पूरी तरह से इलेक्ट्रिफिकेशन होने में काफी समय लगेगा। वैसी स्थिति में ज्यादा कैपिसिटी के इफिसियेंट डीजल इंजन की जरूरत होगी। अगर इफिसियेंट डीजल इंजन बनता है तो दुनिया भर में इसकी मॉग है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सैद्धांतिक रूप से सभी चुनाव लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं का एक साथ चुनाव कराने के पक्षधर हूँ। यह बहुत अच्छी बात है। आज ऐसी स्थिति है कि हर साल चुनाव होता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचित सरकार को पूरा काम करने का समय मिलना चाहिये। हाउस को भी पॉच साल चलना चाहिये। बार–बार चुनाव में काफी समय जाता है तथा विकास का कार्य भी बाधित होता है। सृजन घोटाला के बारे में पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले की जॉच हो रही है। सी0बी0आई0 द्वारा जॉच किया जा रहा है। मामले से संबंधित सभी दस्तावेज सी0बी0आई0 को सौंप दिये गये हैं। राज्य पुलिस सी0बी0आई0 को जॉच में अपना पूरा सहयोग दे रही है। श्री तेजस्वी यादव के दिल्ली की संपति आयकर विभाग द्वारा जब्त किये जाने के संदर्भ में पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो गड़बड़ करेगा, वो कभी नहीं बचेगा। धन अर्जन के लिये पद नहीं मिलता है बल्कि पद मिलता है काम करने के लिये। कोई अवैध ढ़ंग से संपति अर्जित करेगा तो मेरी दृढ़ मान्यता है कि वो संपति उसके काम नहीं आयेगी। लोगों को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम करना चाहिये। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से गौरी लंकेश हत्याकाण्ड के संदर्भ में प्रश्न उठाते हुये कहा कि यह घटना एक दर्दनाक घटना है लेकिन आज तक कोई भी बात इनवेस्टिगेशन में सामने नहीं आयी है। यह एक तरह का फेल्योर है। उन्होंने कहा कि इस हत्या के जिम्मेवार व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये।

*******